# कार्यालय कलेक्टर एवम् अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवम् प्रबंधन समिति, जिला -धमतरी (छ.ग.)

क्रमांक /6990/सेजेस/अँग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/विज्ञापन/2023/ धमतरी दिनांक 29/09/2023

## संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर का आदेश क्रमाक/एफ–23–08/ 2020/ 20–दो / 2031 अटल नगर नवा रायपुर दिनॉक 22.09.2023 के माध्यम से धमतरी जिले अन्तर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अँग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन एवम् प्रबंधन समिति जिला–धमतरी को जिले में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अँग्रेजी माध्यम विद्यालय आमदी (धमतरी) में संचालन की अनुमति प्रदान कर अँग्रेजी माध्यम पदों का सृजन किया गया है। उक्त शैक्षणिक पदो हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासी योग्यताधारी आवेदको का चयन संविदा भर्ती के माध्यम किया जाना है। संविदा पदो पर अर्हतादायी आवेदकों से **दिनॉक 11.10.2023 सायं. 05.00** बजे तक सीधे स्पीड पोस्ड/पंजीकृत डाक/से " ***कार्यालय प्राचार्य मेहतरू राम धीवर शासकीय उत्कृष्ट अँग्रेजी माध्यम विद्यालय बठेना (धमतरी) जिला जेल रोड ,अर्जुनी थाना के पास बठेना धमतरी जिला– धमतरी पिन कोड –493773*** " के पते पर आवेदन आंमत्रित किये जाते है।

आवेदन का प्रारूप जिले के वेबसाईट *https://www.deodhamtari.in/* एवम् *www.deodhamtari.in* से डाऊनलोड किये जा सकते है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।

विज्ञापित पदों का शालावार संख्या/पद विवरण, अर्हता नियम एवम् शर्ते, पद विषय ,मासिक मानदेय एवम् न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार है–

| क0 | पद का नाम | विषय | संविदा हेतु एकमुश्त मासिक मानदेय राशि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 01 | व्याख्याता | अँग्रेजी माध्यम | 38100/– | 1 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सम्बधित विषय (संलग्न –परिशिष्ट 01) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण<br>2. बी0एड0 डिग्री अनिवार्य है।<br>2 संपूर्ण शिक्षा अँग्रेजी मृाध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>व्याख्याता हिन्दी एवम् संस्कृत के लिए अँग्रेजी माध्यम अनिवार्य नही है। |
| 02 | शिक्षक | अँग्रेजी माध्यम | 35400/– | 1 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बधित विषय पर 45 प्रतिशत अँकों के साथ स्नातक उपाधि उत्तीर्ण एवम् बी0एड0 या डी.एड .या डी.एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>2 संपूर्ण शिक्षा अँग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>3 तथा T.E.T. उच्च प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>4 शिक्षक अँग्रेजी हेतु (अँग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 शिक्षक अॅंग्रेजी हेतु (अॅंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो)<br>5 शिक्षक कला हेतु इतिहास ,भूगोल, अर्थशास्त्र ,नागरिक शास्त्र,समाजशास्त्र राजनीति शास्त्र में से एक विषय अनिवार्य है। |
| 03 | सहायक शिक्षक | अॅंग्रेजी माध्यम | 25300/— | 1 मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 45 प्रतिशत अॅको के साथ उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>2 डी.एड. या बी0एड0 या डी..एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। (बीएड उत्तीर्ण की पात्रता मान0 उच्च न्यायालय बिलासपुर /उच्चतम न्यायालय के निर्णय अधीन होगा। )<br>3 संपूर्ण शिक्षा अॅंग्रेजी माध्यम से अर्हताधारी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।<br>4 तथा T.E.T. प्राथमिक स्तर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 04 | शिक्षक कम्प्यूटर (अंग्रेजी माध्यन) | अॅंग्रेजी माध्यम | 35400/— | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्व विद्यालय से बी.ई (आई.टी./कम्प्यूटर सांईस) ,बी.सी.ए.(कम्प्यूटर) बी. एस.सी. (आई.टी./कम्प्यूटर) , बी.टेक. (कम्प्यूटर) बी0सी0ए0 में से काई एक में द्वितीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हो। किसी प्रकार का डिप्लोमा स्वीकार नही किये जावेगे।<br>2 संपूर्ण शिक्षा अॅंग्रेजी माध्यम से अर्हतादायी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगे। |
| 05 | व्यायान शिक्षक (अॅंग्रेजी माध्यन) | अॅंग्रेजी माध्यम | 35400/— | 1 मान्यता प्राप्त मंडल /बोर्ड से हायरसेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण एवम् डी0पी0एड0 अथवा बी.पी.एड. द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>2 संपूर्ण शिक्षा अॅंग्रेजी माध्यम से अर्हतादायी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगे। |
| 06 | ग्रन्थपाल (अॅंग्रेजी माध्यम) | अॅंग्रेजी माध्यम | 22400/— | 1 मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्व विद्यालय से बी0लिब0 . द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।<br>2 संपूर्ण शिक्षा अॅंग्रेजी माध्यम से अर्हतादायी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगे। |
| 07 | सहायक शिक्षक विज्ञान (अॅंग्रेजी माध्यम) | अॅंग्रेजी माध्यम | 25300/— | 1 मान्यता प्राप्त बोर्ड से अॅंग्रेजी माध्यम में विज्ञान संकाय (गणित /जीवविज्ञान) न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में उच्चतर माध्यमिक सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2 संपूर्ण शिक्षा अॅंग्रेजी माध्यम से अर्हतादायी अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र होगे। |

शालावार विज्ञापित पद का विवरण :–

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पद (सेजेस आमदी)<br>स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अँग्रेजी माध्यम विद्यालय आमदी (धमतरी) | आरक्षण |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता (हिन्दी) | 01 | अनारक्षित |
| 2 | व्याख्याता (संस्कृत) | 01 | अनारक्षित |
| 3 | व्याख्याता (अँग्रेजी)<br>(अँग्रेजी माध्यम ) | 01 | अनारक्षित |
| 4 | व्याख्याता गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 5 | व्याख्याता सामाजिक विज्ञान<br>(अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 6 | व्याख्याता जीव विज्ञान<br>(अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 7 | व्याख्याता भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 8 | व्याख्याता रसायन (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 9 | व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) | 02 | 01 अनारक्षित<br>01 अजजा |
| 10 | शिक्षक अँग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 11 | शिक्षक गणित (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 12 | शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 13 | शिक्षक समाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 14 | शिक्षक कम्प्यूटर (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 15 | व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 01 | अनारक्षित |
| 16 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | 05 | 02 अनारक्षित<br>02 अजजा<br>01 अ0पि0व0 |
| 18 | सहायक शिक्षक विज्ञान<br>(अँग्रेजी माध्यम) | 02 | 01 अनारक्षित<br>01 अजजा |
| 19 | ग्रन्थपाल | 01 | अनारक्षित |
| | योग | **24** | |

टीपः–

1. उपरोक्त विज्ञापित नवीन सेजेस विद्यालयों के संविदा पद पर नियुक्ति ,मान0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी 19668/2022) के अंतिम आदेश के अधीन होगी।

(A) संविदा भर्ती सम्बन्धी निर्देश एवं शर्ते :–

01. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है ,शासन/समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पदच्यूत की जा सकती हैं।

02. आवेदक का संपूर्ण अध्ययन **अंग्रेजी माध्यम** से होना अनिवार्य है। हिन्दी माध्यम के आवेदक स्वमेव अमान्य होगे। (बी0एड0/डी0एड0 / डी..एल.एड. हिन्दी/अंग्रेजी दोनो माध्यम मान्य होंगे। )

03. संविदा मानदेय –संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एवम् एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता/सुविधा/परिलब्धियां देय नही होगी।

04. छत्तीसगढ. राज्य के मूल निवासी आवेदक ही चयन के लिए पात्र होंगे।

05. आवेदक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र एवं अन्य आवश्यक समस्त दस्तावेज स्व प्रमाणित संलग्न कर निर्धारित तिथि/स्थान /समय में प्रेषित करेगे।

06. अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जावेगें, अमान्य आवेदक साक्षात्कार के लिए पात्र नही होगें।

07. उक्त संविदा भर्ती के लिए आवेदक की आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष अनिवार्य है। आयु की पुष्टि हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची से की जावेगी। आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–सीमा पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये भी लागू होंगे।

08. उक्त संविदा भर्ती हेतु आवेदक से आवेदन के लिए कोई शुल्क निर्धारित नही है।

09. जिले में पूर्व में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शालाओ में यदि कोई संविदा पद रिक्त होती है तो उस संविदा रिक्त पद पूर्ति भी इस विज्ञापन के चयन सूची/से की जावेगी। इसके लिए पृथक से विज्ञापन जारी नही किये जायेगें।

10. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

11. अन्य शिक्षकों की भांति इन शिक्षकों को भी अन्य आबंटित शालेय कार्य तथा मूल्यांकन /शालेय गतिविधियां आदि में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा, जिसके लिए अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी ।

12. आवेदन पत्र. संलग्न निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार किये जावेगे। चयन हेतु साक्षात्कार होने पर नीचे दिये समस्त अभिलेखों की मूल प्रति एवम् 02 सेट फोटो प्रति स्वप्रमाणित के साथ स्वंय अभ्यर्थी को उपस्थित होना अनिवार्य है।

- 10 वीं एवम् 12 वीं बोर्ड परीक्षा की अंक सूची।
- स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त सेमेस्टर/वर्षो की अंकसूची।
- छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवास प्रमाण पत्र।
- स्थाई जाति प्रमाण पत्र ।
- बी0एड0 /डी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षित प्रमाण पत्र।
- शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET/C.TET) उत्तीर्ण प्रमाण पत्र।
- रोजगार पंजीयन जीवित प्रमाण पत्र।
- पासपोर्ट साईज की 02 फोटो ।
- आधार कार्ड ।

13. किसी भी समय या किसी भी प्रकार से दस्तावेजों के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।
14. चयनित संविदा कर्मचारियों द्वारा नियुक्ति उपरांत कदाचरण/अनुशासनहीनता में लिप्त होने पर नियुक्ति प्रधिकारी द्वारा सुनवाई का अवसर देतें हुए संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी ।
15. अन्यत्र नियोजन होने की स्थिति में संविदा नियुक्ति सेवा से त्याग पत्र देने पर एक माह (03 माह) माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में तीन (03) माह का वेतन शासन के पक्ष मे जमा करना होगा।
16. एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक –पृथक आवेदन करना होगा।
17. चयनित अभ्यर्थी का जिला स्तर पर रिक्त पद के विरूद्व पदांकन किया जावेगा।
18. राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद शास.उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तो से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी जो सर्व मान्य व सभी के लिए बाध्यकारी होगा।
19. विज्ञापित पद पूर्णतः विद्यालय प्रबंधन समिति एवम् सोसाईटी के अधीन होगें। इन पदो पर किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर वह नियमितिकरण अथवा संविलियन के लिए किसी भी प्रकार का दावा नहीं करेगा।
20. अनुसूचित जाति/अनु.जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है ,प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नहीं होगा। आवश्यक होने पर प्रबंधन समिति प्रमाण पत्र की वैधता की जॉच करा सकता है।
21. अनुसूचित जाति/अनु.जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यार्थियों ,महिला उम्मीद्वारों के लिए आयु सीमा में शिथिलता हेतु छ.ग. शासन के नियमों के अनुसार छूट की पात्रता होगी।
22. आरक्षण रोस्टर का पालन किया जावेगा।
23. पद संख्या में कमी/वृद्वि की जा सकेगी। (समिति के पास सर्वाधिकार सुरक्षित है)
24. छ0ग0 राज्य के बाहर के बोर्ड/विश्व विद्यालय का डिग्री/सर्टिफिकेट इत्यादि प्रस्तुत करने की स्थिति में उक्त वि0वि0/बोर्ड का सम्बद्वता/यू0जी0सी मान्यता आवेदक को आवेदन पत्र जॉच/सत्यापन के समय स्वंय प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा की स्थिति के आवेदन अपात्र माना जावेगा।
25. संविदा भर्ती में किसी भी प्रकार के आापत्ति/विवाद का निराकरण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय. संचालन प्रबंधन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
26. जिले अन्तर्गत कार्यरत संविदा शिक्षक/कर्मचारी समान पद के लिए आवेदन नही कर सकेगे केवल उच्च पदो के लिए आवेदन कर पायेगे। समान पद के लिए आवेदन किये जाने किये जाने की स्थिति में आवेदन अस्वीकार किया जावेगा। इस हेतु शपथ पत्र सत्यापन के समय प्रस्तुत करेगे कि समान पद पर आवेदन नही किये है।
27. आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के वेबसाईट *https://www.deodhamtari.in* एवम् *www.deodhamtari.in* से डाऊनलोड किया जा सकता है, तथा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी तथा सम्बधित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

**(B) संविदा भर्ती हेंतु चयन प्रकियाः–**

01. संविदा कर्मचारियो हेतु सांविदा नियुक्ति छ0ग0 सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति ) नियम 2012 एवम् राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार की जायेगी।
02. जिला स्तरीय चयन समिति गठित कर नियुक्ति की प्रकिया पूर्ण की जावेगी।

03. अंतिम चयन हेतु निम्नाकित तालिका अनुसार गणना की जावेगी।

| क0 | पदनाम | कक्षा स्तर | भारांश प्राप्तांक (प्रतिशत का) | कुल अंकभार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | 1 स्नातकोत्तर | 50% | 100 |
| | | 2 स्नातक | 20% | |
| | | 3 हायरसेकेण्डरी | 10% | |
| | | 4 साक्षात्कार – | 20% | |
| 2 | शिक्षक/व्यायाम शिक्षक/ग्रन्थपाल | 1 स्नातक | 50% | 100 |
| | | 2 हायरसेकेण्डरी | 20% | |
| | | 3 हाईस्कूल | 10% | |
| | | 4 साक्षात्कार – | 20% | |
| 3 | सहायक शिक्षक/सहायक शिक्षक विज्ञान | 1 हायरसेकेण्डरी | 50% | 100 |
| | | 2 हाईस्कूल | 30% | |
| | | 3 साक्षात्कार – | 20% | |
| 4 | कम्प्यूटर शिक्षक | 1 स्नातक | 50% | 100 |
| | | 2 हायरसेकेण्डरी | 30% | |
| | | 3 कौशल परीक्षा | 20% | |

04. प्रावीण्यता के आधार पर प्रत्येक पद के लिए सूची तैयार किया जावेगा। साक्षात्कार हेतु प्रवीण्य सूची के प्रथम 15 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जावेगा।

05. साक्षात्कार उपरांत चयन सूची में अतिरिक्त प्रत्येक पद हेतु प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी। चयन सूची के अभ्यर्थियो द्वारा पदभार ग्रहण न करने की स्थिति में प्रतिक्षा सूची से रिक्त पदो की पूर्ति की जावेगी। प्रतिक्षा सूची की वैधता 01 वर्ष की होगी।

06. उक्त पदों के लिए चयन समिति द्वारा निर्धारित चयन प्रकिया मान्य किये जायेगे। आवेदन पत्रों की छानबीन पश्चात पात्र आवेदको मे से शैक्षणिक योग्यता के परीक्षा की प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार किया जावेगा।

07. चयन प्रकिया के दौरान मानवीय त्रुटि /लिपिकीय त्रुटि या अन्य माध्यम से कोई त्रुटि संज्ञान में आती है तब इसमे सुधार कर संशोधित सूची /त्रुटिशुद्वि पत्र जारी की जावेगी जो सभी को मान्य होगी।

08. प्रावीण्य सूची में दो या अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक होने पर ज्यादा आयु के अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।

09. नियुक्ति हेतु चयन समिति का निर्णय अंतिम एवम् बंधनकारी होगा।

10. चयन के सबध में कलेक्टर/अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रबधंन समिति (सोसायटी) का निर्णय अंतिम एवम् सर्वमान्य होगा।

11. नियुक्ति हेतु रिक्त पद के लिए धमतरी जिले का आरक्षण रोस्टर लागू होगा।

## // परिशिष्ट –01 //
## व्याख्याता (अँग्रेजी माध्यम ) संविदा भर्ती हेतु

**मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से द्वितीय श्रेणी में निंम्नालिखित विषयो में से किसी एक विषय में स्नातकोत्तर /समकक्ष एवम् बी0एड0**

| क0 | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | हिन्दी |
| 2 | संस्कृत | संस्कृत/क्लासिकल/आचार्य |
| 3 | अँग्रेजी | अँग्रेजी |
| 4 | गणित | गणित/एप्लाईड गणित |
| 5 | सामाजिक विज्ञान | अर्थशास्त्र/एप्लाईड अर्थशास्त्र /बिजनेस अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/भूगोल/इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 6 | जीवविज्ञान | वनस्पति शास्त्र/प्राणी शास्त्र/लाईफ साईन्स/जैविकी/अनुवंशिकी (जैनेटिक्स) /सूक्ष्म जैविकी(माईक्रोबायोलॉजी) /जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नॉलाजी)/आणविक जीवविज्ञान (मणिकुलर बायोलॉजी) पादप कार्यिकी (प्लांट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |
| 7 | भौतिकी | भौतिकी/इलेक्ट्रानिक्स/एप्लाईड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी |
| 8 | रसायन | रसायन /बॉयोकेमेस्ट्री |
| 9 | वार्णिज्य | एकाऊन्टेन्सी सहित वार्णिज्य /कास्ट एकाऊटिंग/फाईनेन्सियल एकाऊन्टेन्सी मुख्य विषय रहा हो। |

कलेक्टर/अध्यक्ष
विद्यालय संचालन समिति
स्वामी आत्मानंद शास0 उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
जिला धमतरी(छ0ग0)